# आकाशवाणी शिमला

**26.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

## केन्द्रीय मंत्री

आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार इसे संविधान हत्या दिवस के रूप मे मना रही है। शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक व संसदीय मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने आपातकाल को देश के इतिहास में एक काला अध्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या हुई थी और मीडिया को भी इसका नुकसान झेलना पड़ा था। ऐसे में आम जनता द्वारा आपातकाल को भुलाया नहीं जाना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आपातकाल में आम लोगों की आजादी छीन ली गई थी। उन्होंने संविधान को बचाने के लिए सभी नागरिकों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि सभी को संविधान हत्या दिवस मनाना चाहिए। **इससे पहले केन्द्रीय मंत्री ने चिनार का पौधा भी रोपित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप भी इस दौरान मौजूद रहे।**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित अध्याय शामिल किया जाएगा। वे आज शिमला में मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल कर्मचारियों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और तस्करी के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसमें शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने मण्डी जिले में नाचन विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज जाछ पंचायत में आज करीब पौने 2 करोड़ रूपए से निर्मित उप सब्जी मण्डी का लोकार्पण किया। इस सब्जी मण्डी से नाचन और करसोग विधानसभा क्षेत्र की 9 पंचायतों के किसान व बागवानों को लाभ होगा। एक जनसभा में कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि में दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर में आज करीब 10 करोड़ रूपए की लागत वाली दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें मंझार में बनने वाला डे–बोर्डिंग स्कूल और रैहन का सार्वजनिक पुस्तकालय शामिल है। रोहित ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार पहले चरण में 20 राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बना रही है जिनमें से 8 स्कूल कांगड़ा जिले में प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के निर्माण के लिए करीब 39 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिनभर घने बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई व्यापक वर्षा और बादल फटने की घटनाओं में कई स्थानों पर जान–माल का नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर हुई बादल फटने की घटनाओं में 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों को भी नुकसान पहुंचा है। धर्मशाला के खनियारा में मनूनी खड्ड में बहे 3 लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि 5 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार बादल फटने से 2 विद्युत परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा है जिसका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के लोगों और पर्यटकों से एहतियात बरतने और नदी–नालों से दूर रहने का आहवान किया है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

————————————